06 JAN - janj bhoomi PG-01_Layout 1 3/6/2025 11:06 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 15. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 सरकार सभी वर्ग के लिए सबका साथ सबका विकास की दिशा में कर रही कार्य



## खबर संक्षेप

### जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का प्रथम सम्मिलन आज

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद सदस्यो का जनपद पंचायत मालखरौदा के सभाकक्ष में शुक्रवार 7 मार्च को सुबह 11 बजे से प्रथम सम्मिलन आयोजित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समस्त नव निवाचित जन प्रतिनिधियो को सम्मिलन मे उपस्थित होने हेतु आग्रह किया हैं एवं सम्मिलन की सूचना सभी सदस्यो के घर विशेष वाहक के माध्यम से भेजा गया है।

### सक्ती पहुंची आईटी की टीम, मां महामाया ज्वेलर्स में जांच

**सक्ती।** नगर के मां महामाया ज्वेलर्स में आयकर अफसर की टीम ने छापा मार कार्यवाही की है। साथ ही साथ ज्वेलरी से संबंधित दस्तावेजों की जांच पड़ताल के साथ संचालकों से पूछताछ की जा रही है। सुरक्षा को लेकर गेट के बाहर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 6 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे के आसपास सक्ती शहर में स्थित मां महामाया ज्वेलरी दुकान में इनकम टैक्स ऑफिसरों की टीम द्वारा छापा मार कार्यवाही की जा रही है। साथ ही संस्थान से जुड़े दस्तावेजों की जांच के साथ ज्वेलरी दुकान के संचालक से पूछताछ भी की जा रही है। दोपहर से शुरू हुई कार्यवाही देर रात तक जारी रही। इधर आयकर अधिकारियों की टीम द्वारा कार्यवाही को देखते हुए ज्वेलरी शॉप परिसर के पास सुरक्षा को लेकर रायपुर से पहुंचे टीम के साथ स्थानीय पुलिस जवानों की तैनाती भी मौके पर की गई है।

## जूनियर को प्रभारी सिविल सर्जन बनाने का हो रहा पुरजोर विरोध

# जिला अस्पताल में गहराया विवाद, स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंची शिकायत, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल में सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ नर्सो के बीच शुरू हुआ विवाद अब गहराने लगा है। एक दिन पहले पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर से शिकायत करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों ने जांच में पहुंचे अधिकारियों के समक्ष एक स्वर में अपनी बात रखी और शिकायत दोहराई। इस दौरान जांच अधिकारी द्वारा सभी को अलग-अलग बयान लिखित में जमा करने कहा गया। दूसरी ओर इस मामले में डॉक्टर व स्टाफ नर्स के साथ स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने भी मोर्चा खोल दिया है। जूनियर डॉक्टर को सिविल सर्जन जैसे जिम्मेदार पद पर पदस्थ करने का मामला देखते हुए उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग संगठन ने की है। मामले की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री तक जा पहुंची है। वही इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर संगठन ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

**खास बातें**

- कार्रवाई नहीं होने पर संगठन ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी
- जांच टीम के सामने सभी एक स्वर में दुहराई शिकायत, अफसर ने कहा लिखित में अलग-अलग जमा करें बयान

गौरतलब है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में बुधवार 5 मार्च को स्टाफ नर्स और डॉक्टर के साथ कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने सिविल सर्जन पर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने और उनसे दुर्व्यवहार करने की शिकायत की है। इस मामले को लेकर वे नारेबाजी करते हुए पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां ज्ञापन सौपा था। इस पर जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्य टीम गठित करके जांच के आदेश दिए गए। दूसरे दिन गुरुवार 6 मार्च को अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र ठाकुर के साथ सीएमएचओ सहित जांच टीम जिला अस्पताल पहुंची। जांच अधिकारियों ने डॉक्टर और स्टाफ नर्स के साथ विभागीय कर्मचारियों से चर्चा की। बताया जाता है कि इस दौरान सभी ने एक स्वर में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ खुलकर शिकायत की और अपनी बातें रखी। पूरे स्टाफ के इस तरह के बयान को देखते हुए जांच अधिकारी भी एक बारगी सकते में आ गए। बताया जाता है कि इसके बाद जहां अफसरों ने सभी को अपना अलग-अलग बयान लिखित में जमा करने कहा गया है। इधर प्रशासन की इस तरह की कार्रवाई से क्षुब्ध होकर डॉक्टर और स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारी संगठन ने इस मामले की शिकायत प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से भी की है। शिकायत में उन्होंने प्रभारी सिविल सर्जन को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग करते हुए वरिष्ठ अधिकारी को पदस्थ करने की मांग की है। वहीं इस दिशा में उचित कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।




डॉक्टरों का बयान लेने पहुंची जांच टीम।

### लिखित कथन जमा करने निर्देश

मामले की जांच के लिए जिला अस्पताल गए थे। संबंधित डॉक्टर नर्स और कर्मचारियों से चर्चा हुई है, उन्हें लिखित में अपना कथन जमा करने कहा गया है।

-ज्ञानेंद्र ठाकुर,
अपर कलेक्टर एवं जांच अधिकारी

### खुद को बता रहे स्वास्थ्य मंत्री का रिश्तेदार

सीआईडीए ने अपनी शिकायत में बताया है कि जिला अस्पताल जांजगीर के कर्मचारी अधिकारियों ने पत्र के माध्यम अवगत कराया है कि प्रभारी सिविल सर्जन के दुर्व्यवहार से सभी कर्मचारी अधिकारी प्रताड़ित हैं। प्रभारी सिविल सर्जन स्वयं को स्वास्थ्य मंत्री का भतीजा बताते हैं और अत्यधिक जूनियर होने के बावजूद सिविल सर्जन जैसा बड़ा पद मिलने का कारण भी यही जताते हैं। अपने इस प्रभुत्व का उपयोग प्रभारी सिविल सर्जन अधीनस्थ कर्मचारियों को डराने धमकाने के लिए करते हैं। उन्होंने कहा है कि अत्यधिक जूनियर डॉक्टर सिविल सर्जन जैसे बड़े पद के बिल्कुल भी परिपक्व और काबिल नहीं है। सिविल सर्जन जैसे जिम्मेदारी वाले पद पर एक अनुभवी सीनियर डॉक्टर को ही दिया जाना चाहिए। प्रभार देने में सीनियरिटी का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। यह नैतिक भी होगा और शासन प्रशासन का नियम भी यही है। तभी पद के साथ भी न्याय होगा और उस संस्था में कार्य कर रहे सीनियर डॉक्टर्स के साथ भी न्याय होगा। अस्पताल भी बेहतर ढंग से संचालित होगा और जनस्वास्थ्य को बेहतर सुविधा मुहैया होगी।



पीठासीन अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त करती नवनिर्वाचित अध्यक्ष।


# जनपद पंचायत नवागढ़ में निर्विरोध बने भाजपा के अध्यक्ष व उपायक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

जनपद पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर भाजपा के श्रीमती कांता कश्यप एवं उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती शांति कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुई।

जनपद पंचायत नवागढ़ में गुरुवार 6 मार्च को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद निर्वाचन हेतु प्राधिकृत पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान द्वारा जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष पद निर्वाचन हेतु प्रक्रिया का पालन करते हुए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु नियत समय मे केवल 1 नाम निर्देशन पत्र जनपद निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-9 की जनपद सदस्य श्रीमती कांता कश्यप पति मनमोहन कश्यप द्वारा प्राप्त होने पर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद निर्वाचन हेतु प्रक्रिया का पालन करते हुए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु नियत समय मे केवल 1 नाम निर्देशन पत्र जनपद निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-24 से निर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती शांति कश्यप पति घासीराम कश्यप द्वारा प्राप्त होने पर उन्हें निर्विरोध उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ हेतु सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित किया गया। निर्विरोध चयन के बाद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी और कहा कि यह विजय पार्टी की नीतियों और जनहित कार्यों की सफलता का प्रमाण है। निर्विरोध चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए श्रीमती कांता कश्यप ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं पार्टी और अपने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करती हूं। मुझे विश्वास है कि मैं जनपद अध्यक्ष के रूप में सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू करने में सक्षम रहूंगी। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए और सामाजिक, शैक्षिक, और आर्थिक उन्नति के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

■ निर्वाचन के दौरान पुलिस बल की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

श्री Ram JEWELLERS Madhya Nagari Chowk, Bilaspur

8 March Happy Woman's Day

प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी | द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंटर | तृतीय पुरस्कार डिनर सेट | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ..................
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ..................
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..................
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ..................
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ..................
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ..................
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ..................
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ..................
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ..................
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ..................

छुपा है हर घर में हुनर एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join A Graduation Degree Program in Association with Dr CV Raman University, Kota, BSP
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
Summer Camp for KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Admissions Open For New Session
ARENA ANIMATION Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JES COLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL
JES COLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..................
पिता/पति का नाम :- ..................
स्थाई पता :- ..................
..................
फोन/मो. नं. :- ..................
शैक्षणिक योग्यता :- ..................
फोटो यहां चिपकाएं

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT | NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1998 | REGISTER NOW
SC और ST वर्ग की महिलाओं के लिए निःशुल्क अन्य वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध NIELIT भारत सरकार के तत्वाधान में
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
फ्रेंचाइज़ी ओपनिंग
Certificate सीधे भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
Courses Available For Training:- "O" Level
NiceTec Building, Idgah Chowk, Bilaspur Mo. 9713297588, 8770020992, 7879659562, 8817215921



## खबर संक्षेप



### हास परिहास का गांधीवादी राजगोपाल ने किया विमोचन

**कोरबा।** महात्मा गांधी के हास्य व्यंग प्रसंग गांधीजी हास परिहास का संकलन किताब के रूप में कस्तूरबा गांधी प्रकाशन से सुरेशचंद्र रोहरा प्रधान संपादक दैनिक लोक सदन का विमोचन आज प्रसिद्ध गांधीवादी पीवी राजगोपाल के कर कमलो से जिला मुख्यालय से लगभग सौ किलोमीटर दूर ग्राम जलके के आश्रित ग्राम तेंदू टिकरा में वृहद पंचायत सम्मेलन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक गांधीवादी उपस्थित थे जिनमें प्रमुख रूप से मुरली दास संत, रमेश शर्मा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर लगभग 500 विभिन्न गांवों व राज्य के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया पदभार ग्रहण



**पाली।** नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल एवं 15 वार्डों के पार्षदों ने बुधवार को नगर पंचायत पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने से पहले अध्यक्ष अजय जायसवाल ने नगर पंचायत के मुख्य द्वार को प्रणाम किया और फिर विधिवत पूजा अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं नगर सेवा के लिए सदैव समर्पित रहूंगा और नगर के लिए नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर सभी के सुख दुख का साथी बना रहूंगा, पाली के सभी जनता मेरा परिवार है और मेरे रहते उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। इस दौरान पाली नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 से श्रीमती ज्योति उईके, वार्ड क्रमांक 2 से अनीत पटेल, वार्ड क्रमांक 3 से उमेश चंद्रा, वार्ड क्रमांक 4 से चंद्रशेखर पटेल, वार्ड क्रमांक 5 से सोना ताम्रकार, वार्ड क्रमांक 6 से लखन प्रजापति वार्ड क्रमांक 7 से बबलू पटेल, वार्ड क्रमांक 8 से श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा, वार्ड क्रमांक 9 से भूपेंद्र कुर्रे, वार्ड क्रमांक 10 से श्रीमती गीता शुक्ला, वार्ड क्रमांक 11 से सुनील साहू, वार्ड क्रमांक 12 से तूफान सिंह राज, वार्ड क्रमांक 13 से रीमा वर्मा,वार्ड क्रमांक 14 से मोनिका दीपक जायसवाल, वार्ड क्रमांक 15 से श्रीमती आशा पटेल से भी पार्षद के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सीईओ ने की मनरेगा के कार्यों की समीक्षा

**कोरबा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने जिला पंचायत के सभागार में महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि महात्मा गांधी नरेगा योजनांर्तगत अमृत सरोवर के निर्माण कार्य मार्च माह के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएं।जनपद पंचायतों में लंबित पुराने कार्य 30 मार्च तक पूर्ण किए जाए। आधार बेस्ड भुगतान हेतु समस्त सभी तकनीकी सहायकों को एक सप्ताह के भीतर एनपीसीआई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।100 दिवस रोजगार प्रदाय के संबंध में तकनीकी सहायकों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए 100 दिवस हेतु 61 से 89 दिवस के बीच परिवारों को प्राथमिकता के साथ 100 दिवस पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

## जिले में कुल 37 देशी विदेशी शराब दुकान

# इस गर्मी में मदिरा प्रेमियों को मिलेगी ठंडी बियर, आबकारी को मिले 20 डीप फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के देशी विदेशी शराब दुकानों का संचालन आबकारी विभाग करता है। गर्मी के दिनों में बियर की बिक्री बढ़ जाती है लेकिन अक्सर यह शिकायत मिलती थी कि मदिरा प्रेमियों को गर्मी के दिनों में ठंडी बीयर नहीं मिलती है लेकिन इस सत्र में मदिरा प्रेमियों को ठंडी बीयर मिलेगी। इसके लिए विभाग ने तैयारी कर ली है और आबकारी विभाग को इस सत्र में कुल 20 चीलर (डीप फ्रीजर) दिया गया है। जिसे दुकान में शिफ्ट कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 37 देशी विदेशी शराब दुकानों का संचालन आबकारी विभाग द्वारा किया जाता है पूर्व में जब ठेका पद्धति के माध्यम से शराब दुकानों का संचालन किया जाता था उस दौर में मदिरा प्रेमियों को ठंडी-ठंडी बीयर डिमांड के अनुसार मिला करती थी लेकिन जब से ठेका पद्धति में परिवर्तन हुआ है तो अक्सर गर्मी के दिनों में मदिरा प्रेमी शिकायत करते थे कि उनके पसंद के अनुरूप ठंडी बियर नहीं मिलती है। जितनी चील्ड या ठंडी बियर मिलनी चाहिए वैसा उन्हें मिलता नहीं है। अक्सर इस तरह की शिकायत सामने आई थी जिसे लेकर आबकारी विभाग के अफसरों ने गंभीरता से लिया और सहायक आयुक्त आबकारी आशा सिंह ने उपभोक्ताओं को उनके डिमांड के अनुसार ठंडी बीयर मिल सके इसके लिए उन्होंने प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा था और मुख्यालय ने इस सत्र में कोरबा आबकारी विभाग को 20 चीलर प्रदान की है जिसे आबकारी विभाग ने डिमांड के अनुसार दुकानों में शिफ्ट कर दिया है और दुकानों में अब चिल्ड बियर उपभोक्ताओं को मिलने लगी है। बताया जाता है कि आम दिनों की अपेक्षा गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा बीयर की डिमांड होती है और गर्मी के दिनों में उपभोक्ता को चील्ड बियर मिल सके इसके लिए विभाग ने सभी दुकानों को पूरी तरह से अपडेट कर लिया है और चीलर शिफ्ट कर दिया है। अब उपभोक्ताओं को इस गर्मी में उनकी डिमांड के अनुरूप ही चिल्ड बियर मिलेगी।



फाइल फोटो

**होली के लिए शराब होने लगा स्टॉक**

जिले में आबकारी विभाग द्वारा कुल 37 शराब दुकानों पर संचालन किया जाता है। जिसमें 11 देशी, 15 विदेशी 8 देशी कंपोजिट, 2 विदेशी कंपोजिट और एक प्रीमियम शॉप का संचालन किया जाता है। आने वाले दिनों में होली पर्व आ रहा है। होली में उपभोक्ताओं को बेहतर शराब और उनकी मांग के अनुरूप में शराब व बीयर मिल सके इसके लिए आबकारी विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है और अपने सभी दुकानों में उपभोक्ताओं के डिमांड के अनुसार शराब स्टॉक किया जा रहा है। बताया जाता है कि आम दिनों की अपेक्षा होली पर्व के दौरान सबसे अधिक शराब की बिक्री होती है और इस दौरान आबकारी विभाग शराबों की बिक्री कर भारी भरकम राजस्व हासिल करता है।

**मिला है 20 चीलर विभाग को**

इस सत्र में आबकारी विभाग को 20 चीलर (डीप फ्रीजर) मुख्यालय से मिला है। जिसे सभी दुकानों में शिफ्ट कर दिया गया है गर्मी में उपभोक्ताओं को ठंडी बीयर उपलब्ध होगी।

-आशा सिंह
सहायक आयुक्त आबकारी

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक नहीं पहुंची स्वच्छता की मेगा ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तहसील के पीछे स्थित हाउसिंग बोर्ड की सबसे पहले बनी और पुरानी कॉलोनी तक निगम की स्वच्छता की मेगा ड्राईव नहीं पहुंचने से कॉलोनी की नालियां कचरों से बजबजा रही है। सिवरेज लाइन की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कॉलोनीवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- तहसील कार्यालय के पीछे कालोनी में बजबजा रही है नालियां
- सिवरेज लाइन की नहीं है समुचित व्यवस्था

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा बनाई गई कॉलोनियों में साफ सफाई को लेकर शिकायतें आम हो चली है। किंतु हाउसिंग बोर्ड साफ सफाई को लेकर गंभीरता नहीं बरत रहा है। कॉलोनीवासियों के द्वारा लगातार हाउसिंगबोर्ड के कार्यालय में शिकायत भी दर्ज कराई गई उसके बावजूद हाउसिंग बोर्ड के द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया। वर्तमान में नगर निगम द्वारा सभी जोन क्षेत्र के वार्डों में स्वच्छता ड्राईव चलाई जा रही है। किंतु तहसील के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों के निवासियों को स्वच्छता का मेगा ड्राइव का इंतजार बना हुआ है ताकि नालियों की सफाई कराई जा सके। वहीं दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड के द्वारा सिवरेज लाइन की व्यवस्था नहीं की गई है। सेप्टी टैंक को लेकर भी हाउसिंग बोर्ड के द्वारा कोई ऐसा बड़ा कार्य नहीं किया गया है। इसकी भी परेशानी से कॉलोनीवासियों को जूझना पड़ता है। कॉलोनियों के नालियों की सफाई लेकर वार्ड पार्षद को भी अवगत कराया गया।



कालोनी की बजबजाती नालियां।

# लक्ष्य हासिल करना एसईसीएल के लिए नहीं होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौजूदा वित्तीय वर्ष का कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल करना एसईसीएल के लिए कतई आसान नहीं है। एसईसीएल को उत्पादन बढ़ाने के लिए जुझना पड़ रहा है। मार्च में उत्पादन की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई तो 2023- 24 के आंकड़े 187 मिलियन टन तक पहुंचा भी मुश्किल होगा। खासकर जिले की मेगा परियोजनाओं ने निराश किया है। जिससे कंपनी प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है।

**खास बात**

- गत वर्ष के 187 मिलियन टन तक पहुंचना भी मुश्किल

एसईसीएल ने अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक की स्थिति में 147.23 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया है, जबकि इस अवधि में 180 मिलियन टन तक उत्पादन का आंकड़ा पहुंच जाना चाहिए था। कंपनी के समक्ष 2024-25 के लिए 206 मिलियन टन का लक्ष्य है। उत्पादन की धीमी रफ्तार नहीं बढ़ाई गई तो 2023-24 के आंकड़े 187 मिलियन टन तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाएगा। दरअसल एसईसीएल के दो मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा और दीपका पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। इन दो खदानों के नेगेटिव ग्रोथ के कारण कंपनी के प्रदर्शन पर असर पड़ रहा है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट से 24.34 मिलियन टन ही उत्पादन हो सका है, जबकि इस अवधि तक 45 मिलियन टन उत्पादन का आंकड़ा पहुंच जाना चाहिए था। कुसमुंडा खदान का सालाना उत्पादन लक्ष्य 52 मिलियन टन है। इसी तरह दीपका माइंस भी उत्पादन में पिछड़ा हुआ है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक दीपका ने 28.55 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया है। दीपका के समक्ष 40 एमटी का लक्ष्य है। उक्त दोनों खदानों के मुकाबले गेवरा खदान से उत्पादन की रफ्तार कुछ बेहतर है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक गेवरा से 48.69 मिलियन टन उत्पादन हुआ है। गेवरा का सालाना लक्ष्य 63 मिलियन टन का है।



फाइल फोटो

## जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल भिलाई बलौदा में प्रवेश प्रारंभ

एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल भिलाई बलौदा में नए सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सत्र प्रारंभ होने के पूर्व नए चेयरमेन डा सचिन यादव व डायरेक्टर गिरिराज गढ़ेवाल ने सभी शिक्षकों के साथ मिलकर हवन पूजन का किया। ताकि विद्यालय के छात्रों के ऊपर माँ सरस्वती की कृपा बनी रहे ऐसी कामना के साथ आचार्य पंडित नवल किशोर के द्वारा किया गया । साथ ही संस्था के डायरेक्टर डा गिरिराज गढ़ेवाल ने नए सत्र के बारे में बताया कि नए सत्र से छात्रों को यहाँ स्कूल के साथ साथ कोचिंग की सुविधा दी जाएगी जिसमें आईआईटी ,नीट व सिविल सर्विस के लिए विशेष विशेषज्ञों की टीम राजस्थान कोटा से नियुक्त की गई है। मेरे मार्गदर्शन में जिस प्रकार बिलासपुर के छात्र आईआईटी मुंबई ,आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी कानपुर , आईआईटी मद्रास जैसे प्रसिद्ध देश के बड़े संस्था में प्रवेश लिए हैं उसी प्रकार बलौदा के छात्रों को भी उस मुक़ाम तक पहुंचने में मैं पूरी कोशिश करूँगा क्योंकि मैं ख़ुद आई आई टी खड़कपुर से अपनी पढ़ाई की है तो मुझे अच्छे से मालूम है कि छात्र कहाँ गलती करते हैं। हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण परिवेश के छात्र अच्छी शिक्षा से वंचित ना हो ।संस्था के चेयरमैन डा सचिन यादव ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है बल्कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार करना है ताकि इस गाँव की मिट्टी से छात्र डॉक्टर इंजीनियर व आईएएस आईपीएस बने। कई बार छात्र आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बड़े शहरों में जाकर कोचिंग नहीं कर पाते तथा जिसके कारण वे अपने लक्ष्य से दूर हो जाते हैं ।इसके लिए चार नए व बड़े स्मार्ट क्लासरूम भी स्थापित किया गया है। नए सत्र में प्रवेश लेने वाले प्रथम 20 छात्रों को जय भारत स्कूल की ओर से निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

## महिलाओं का महिला दिवस पर सम्मान करेगी रेडक्रॉस सोसायटी

**कोरबा।** सचिव भारतीय सोसायटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी द्वारा जिला रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला रेडक्रास सोसायटी के सदस्यता अभियान, आय-व्यय के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया एवं विभिन्न सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य से जुडे. विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में जूनियर, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी का जिला, राज्य का अंशदान नियमित रूप से भेजने, जूनियर, यूथ रेडक्रास सोसायटी का अलग-अलग रजिस्टर संधारित करने, रेडक्रास दवा दुकानों का बकाया रकम दिसंबर 2025 तक जमा करने, रेडक्रॉस दवा दुकानों का रिटेंडर, जन औषधि के तहत लाइसेंस प्राप्त रेडक्रॉस दवा दुकानों में जन औषधि की दवाओं की बिक्री सुनिश्चित करने, रेडक्रास सोसायटी के लिए नए सीए नियुक्ति, ब्लड बैंक में लैंडलाइन फोन लगाने, रेडक्रास सोसायटी का भवन निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने की बात कही गई। इस दौरान कटघोरा, जमनीपाली, निहारिका क्षेत्र, कोरकोमा, करतला, उरगा, भैसमा एवं दर्री में रेडक्रास जन औषधि दवा दुकान खोलने के संबंध में चर्चा करते हुए बताया गया कि दवा दुकान के लिए जगह व फार्मासिस्ट की व्यवस्था दुकान संचालक द्वारा स्वयं किया जाएगा।

### नारी की रक्षा के लिए जटायु की तरह तत्पर रहे युवा वर्ग : त्रिपाठी

**कटघोरा।** केंदई झरना मोरगा में स्थित स्वामी भजनानंद सरस्वती वनवासी सेवा आश्रम परम पूज्य प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज की कृपा छाया में तथा स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सुखद सानिध्य में चल रहे 44वां विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में राजपुरोहित आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान की भक्ति को प्राप्त करने के लिए उनकी कथाओं को श्रवण करें एवं मनन करें इसके द्वारा हमारा हृदय पवित्र होता है और उनकी भक्ति की प्राप्ति होती है भागवत में भगवान के अनेक भक्तों का चरित्र गाया गया है। भीष्म पितामह के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि द्रोपदी के वस्त्र हरण के समय भीष्म पितामह शांत बैठे रहे परिणाम यह हुआ कि एक नारी की लाज की रक्षा के लिए चुप रहने के चलते उनको बाणों की की शैया प्राप्त हुई और वही एक गिद्धराज जटायु ने जब देखा की सीता का हरण करके रावण ले जा रहा है तो जटायु के जर्ज़र शरीर में भी धमनियों में खून उबाल मारने लगा और सीता की रक्षा के लिए एक बार तो रावण को भी मुरछित कर दिया ।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

### आम सूचना

हम सविता सिंह और भीम सिंह NO. 3008286X Rank L. HAV प्रजु सिंह 14 राजपूत रेजीमेंट C/0 56 APO पता गांव भैंसमुड़ी पोस्ट सिऊंड तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा के माता पिता है। हमनें अपना नाम एवं जन्म तिथि सविता सिंह (01.07.1963) से सविता सिंह क्षत्रिय (01.07/1961) एवं भीम सिंह (11.07.1960) से भीमसेन क्षत्री (01.05.1961) सुधार किया गया है। जिसका एफिडेबिट दिनांक 14/02/2025 है।

### Pubic Notice

We Savita Singh and Bhim Singh, Mother & father of No.3008286X Rank L. HAV Name Praju Singh of Unit 14 Rajput c/o 56 APO presently residing at Village Bhaismudi Post Siund. Tehsil Nawagarh District Janjgir-Champa have changed Our Name and Date of Birth from SAVITA SINGH (01.07.1963) To SAVITA SINGH KSHATRIYA (01.07.1961) and BHIM SINGH (11.07.1960) to BHIMSEN KSHATRI (01.05.1961) with Aft. Date 14/02/2 025

### ईश्तहार

क्रमांक // तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 05/03/2025
रा.प्र.क्र 202502063100017/ब-121
ग्राम-कोसला प.ह.नं.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक हुलासराम पटेल पिता दाउराम जाति मरार निवासी ग्राम कोसला थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने पिता दाउराम पिता बेदराम का जन्म दिनांक 21-08-2021 को ग्राम कोसला पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम कोसला में नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/03/2025 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया ।

**कार्यपालक दंडाधिकारी पामगढ़**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क्र....../अ-2/2024-2025
साकिन-हरदीडीह तहसील हसौद

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनिल चंद्रा पिता दिनेश कुमार चंद्रा निवासी ग्राम हरदीडीह तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम हरदीडीह में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 282/1, 338, 317, 318 रकबा क्रमशः 1.33, 0.75, 0.22 एवं 0.04 एकड़ कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 2.34 एकड़ भूमि अवस्थित है. जिसका औद्योगिक (राईस मिल एवं फलाई एश ब्रिक्स) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, अधिकार अभिलेख, पंचायत प्रस्ताव, नक्शा खसरा, विक्रय पत्र आवेदन पत्र सहित मूल प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/03/2025 तक अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.)**

### आम सूचना ईस्तहार
**(नाम परिवर्तन हेतु)**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता दिलीप कुमार सिंह (DILIP KUMAR SINGH) उम्र 46 वर्ष पिता श्री राजेन्द्र कुमार सिंह (RAJENDRA KUMAR SINGH) निवासी क्रमांक 39, वार्ड नं.-25, पुलिस लाईन, जाँजगीर तहसील जाँजगीर, थाना जाँजगीर, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना/घरेलू नाम दिलीप सिंह (DILIP SINGH) पिता श्री राजेन्द्र कुमार सिंह (RAJENDRA KUMAR SINGH) को त्याग कर नया नाम दिलीप कुमार सिंह (DILIP KUMAR SINGH) उम्र 46 वर्ष पिता श्री राजेन्द्र कुमार सिंह (RAJENDRA KUMAR SINGH) रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम दिलीप कुमार सिंह (DILIP KUMAR SINGH) उम्र 46 वर्ष पिता श्री राजेन्द्र कुमार सिंह (RAJENDRA KUMAR SINGH) से ही जाना पहचाना जावे। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरे नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है, तो 15 दिवस भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नही किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा।

! सो सूचना जाने !

**भवदीय**
**दिलीप कुमार सिंह**
**श्री राजेन्द्र कुमार सिंह**
**निवासी जाँजगीर मो.नं.-7400640116**


जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अध्यक्ष पद पर
श्रीमती मनीषा चौहान
एवं
उपाध्यक्ष पद पर
श्रीमती उत्तरा सिदार
को निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मनीषा चौहान
अध्यक्ष-जनपद पंचायत बम्हनीडीह
श्रीमती उत्तरा सिदार
उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत बम्हनीडीह
श्रीमती शिखा राकेश राठौर
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 2
श्रीमती रूपा कुमार यादव
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 6
श्रीमती अमिता लहरे
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10
श्रीमती राजेश्वरी कुम्हार
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14
श्रीमती अमृतबाई चौहान
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16
श्रीमती उत्तरा बाई कश्यप
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 18
रामनाथ भैना
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7
राजेन्द्र देवांगन
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9
सुरेश कुमार साहू
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11
ब्यास नारायण यादव
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 19
चेतन महंत
भुवन भास्कर यादव
गोकुल जायसवाल
माडू जायसवाल
दुष्यंत सिंह
जयशंकर देवांगन
आरिफ खान
घन्नू डनसेना
विनीत : सभी मित्रगण एवं क्षेत्रवासी (जनपद पंचायत बम्हनीडीह)
संकलनकर्ता
आजम खान
न्यूज एजेंसी बम्हनीडीह
मो. नं. 7024493999

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज कार्यक्रम



**राहौद -भंवतरा।** ग्राम पंचायत भंवतरा के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चो को पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के. एल. निर्मलकर एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के.के. साहू ने अपने हाथों से बच्चों को पूरी,चावल, सलाद, पापड़, जलेबी एवं पनीर की सब्जी परोसा गया। न्योता भोजन कार्यक्रम में शाला बच्चो के साथ पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के एल निर्मलकर, शिक्षक डोंगर कुमार साहू, संतोष टंडन, गजेन्द्र प्रसाद तोड़े प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के के साहू, शिक्षक गांगेय कुमार पांडेय, राजू दुबे, एवं भवरभंठा शाला के प्रधान पाठक रामनारायण कश्यप, अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान पाठक एस. एल. रात्रे, पूर्व माध्यमिक शाला के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष समरित निर्मालकर तथा मध्यान्ह समूह के सभी सदस्य, सफाई कर्मचारी, एवम ग्राम अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। न्योता भोज में शाला के सभी बच्चो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर 9 को

**बिर्रा।** प्रथम हास्पिटल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में 9 मार्च रविवार को आयोजित होगा। शिविर में अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग की जांच की जाएगी। शिविर में डॉ. रजनीश पाण्डेय मस्तिष्क संबंधी रोध लकवा, मिर्गी, झटके, सिर के चौट संबंधी परामर्श, डॉ. एस. के.धर, मधुमेह एवं हृदय रोग सलाहकार,डॉ. लक्ष्मीनारायण मिश्रा, सामान्य रोग,डॉ. वैभव कौशिक अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अम्बिकेश पाण्डेय सामान्य रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग संबंधित जांच और परामर्श प्रत्येक माह का द्वितीय रविवार समय 11 बजे 2 बजे तक आयोजित है। शिविर में मनोज कुमार तिवारी, रामकिशोर देवांगन और नारायण मेडिकल बिर्रा और अभिषेक कुमार देवांगन से संपर्क कर अग्रिम पंजीयन कराया जा सकता है।

## निधन

### भागवत प्रसाद रायसागर

**गोधना।** ग्राम कचंदा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त कृषि विकास अधिकारी भागवत प्रसाद



राय सागर का सोमवार 3 मार्च आकस्मिक निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। नका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र विष्णु रायसागर ने दी। उनके अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य नागरिक सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### 217 दिव्यांगजन तथा वरिष्ठजन हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित

# सरकार सभी वर्ग के लिए सबका साथ सबका विकास की दिशा में कर रही कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों के लिए गुरुवार 6 मार्चा को सामुदायिक भवन सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 217 हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरण कर लाभांवित किया गया।

भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में सक्ती जिले के चयनित दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर द्वारा निर्मित सहायक उपकरणों, कैलीपर्स व कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए आज शिविर का आयोजन किया गया और शिविर में 217 दिव्यांगजन तथा वरिष्ठजन हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरण कर लाभांवित किया गया। सांसद श्रीमती जांगडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में सामुदायिक भवन सक्ती में सहायक उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीपप्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। शिविर स्थल में लाभांवित हितग्राहियों द्वारा



हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित करते अतिथि।

विभिन्न सहायक उपकरण पाकर अपनी प्रसन्नता और ख़ुशी जाहिर की गई। विभिन्न सहायक उपकरण प्राप्त होने से हितग्राहियों को विभिन्न कठीनाइयों से छुटकारा मिलेगा जिसके लिए उन्होंने शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि शासन के निर्देशन में संभाग अंतर्गत विभिन्न जिलो में दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लगातार किसानों, युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों सहित सभी वर्ग के लिए सबका साथ सबका विकास के दिशा में कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, राम नरेश यादव, उप संचालक समाज कल्याण विभाग सुनील मिश्रा सहित विभिन्न नवनिर्वाचित पार्षद व जनप्रतिनिधि, विभिन्न दिव्यांगजन व वरिष्ठजन हितग्राही तथा समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिए बच्चों का किया गया सम्मान

**तुस्मा।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज द्वारा शिक्षा की क्षेत्र में ऑनलाइन परीक्षा की आयोजन किया गया। इसमें शिवरीनारायण सेंटर में 7 बच्चे 9वी 10 वी 11/वी 12 के सिलेक्टेड छात्र छात्रा शामिल हुए। सबने प्रथम लेवल में परीक्षा पास की जिसे शिवरीनारायण नगर केवट निषाद समाज द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र , मोमेंटो, पारितोषक राशि प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रुप में नव निर्वाचित पार्षद विनोद शर्मा, पार्षद सत्येंद्र केवट,पार्षद ओमप्रकाश साहू,पार्षद चेतन विक्की सोनी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव के .वा.,पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश सोनी,पार्षद योगेश आदित्य,समाज के नवनिर्वाचित सरपंच गिधौरी गोलू केवट, प्रधान आरक्षक शिवनंदन जलतारे थे। सबने सभी बच्चों का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य परीक्षा प्रभारी युवा समाजसेवी उग्रेश्वर गोपाल केवट, डॉक्टर मनहरण केवट,अजय कुमार केवट,श्रीमती चंद्रानी केवट,जेठूराम केवट ,रमेश चंद्र केवट ,जितेंद्र केवट सहित अनेक लोग उपस्थित थे सभी अतिथि का सम्मान साल श्रीफल ,पुष्पहार , बुके भेंट कर कर सम्मान किया सबने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान किया। उग्रेश्वर गोपाल केवट ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश नेतृत्व में तीसरा वर्ष था। मंच संचालन उग्रेश्वर गोपाल केवट एवं आभार प्रकट डॉक्टर मनहरण केवट ने की।

# होलिका दहन पर रहेगा भद्रा का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

■ होलाष्टक आज से रंगों का पर्व होली 14 को

रंगों का पर्व होली त्योहार 14 मार्च को मनाई जाएगी। इसके दिन एक पूर्व होलिका दहन होगा। इस वर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। होली से पहले 7 मार्च से होलाष्टक लग रहा है। आठ दिन तक सभी मांगलिककार्य रुक जाएंगे। वहीं 14 मार्च से खरमास शुरु हो जाएगा जिससे मांगलिक कार्य में विराम लग जाएगा।

होलिका दहन पर इस वर्ष भद्रा का साया रहेगा। होलिका दहन इस बार 13 मार्च को होगा । वहीं रंगों का महपर्व 14 मार्च को खेला जाएगा। होलाष्टक के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, एवं अन्य प्रकार के मांगलिक कार्य रोक दिए जाते है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस साल होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। फाल्गुन पूर्णिमा 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे से शुरु होगी। इसी समय से भद्रा लग जाएगा। भद्रा गुरुवार रात्रि 11:35 तक रहेगा। उसके उपरान्त होलिका दहन होगा। पुर्णिमा तिथि प्रारंभ , 13 मार्च प्रात 10: 35 से पुर्णिमा तिथि समाप्त 14 मार्च दोपहर 12.15 होगा। भद्रा के चलते इस साल होलिका दहन के लिए 47 मिनट का समय रहेगा। इसकी वजह होलिका दहन के दिन 13 मार्च को भद्रा प्रातःकाल 10:35 से आरंभ होकर रात्रि 11.31 तक रहेगा। इसके बाद होलिका दहन करना शुभ होगा।

**भद्रा में नहीं होते शुभ कार्य-** पुराणों के मान्यता के अनुसार कहा गया हैं की भद्रा सुर्य की पुत्री और शनिदेव की बहन है। भद्रा क्रोधी स्वभाव की मानी जाती है।, उनके स्वभाव को नियंत्रित करने के लिऐ भगवान बम्हाजी ने उन्हें कालगणना या पंच्चांगके एक प्रमुख अंग विष्टिकरण में स्थान दिया है। मान्यता हैं कि ये तीनों लोकों में भ्रमण करती है।, जब मृत्यु लोक में होती हैतो अनिष्ट करती है।

**होलाष्टक के बाद खरमास-** होलिका दहन के आठ दिन पहले होलाष्टक की शुरुवात शुक्रवार 7 मार्च से होगी। इसके साथ ही आठ दिन के लिए कोई शुभ कार्य नहीं किया जा सकेगा लेकिन 14 मार्च के दोपहर से होलाष्टक खत्म हो जाएगा । इसी दिन शाम 6:51 बजे से सुर्यदेव मीन राशि में प्रवोश कर जाएगे और खरमास शुरु हो जाएगा। ऐसे में एक माह तक मांगलिक कार्यपर प्रतिबंघ रहेगा।

# दृढ़ संकल्प लेकर पढ़ाई करने से अवश्य मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हसौद

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में 4 मार्च को कक्षा छठवीं ,सातवीं के विद्यार्थियों के द्वारा आठवीं बच्चों के लिए फेयर वेल रखा गया। महिमा कोयल, लताशा, सिमरन, खुशी, यश कुमार,रुद्र कुमार, आरुषि,छाया,हिमांशी, त्रिशा, श्रेया,पायल धीरहे, प्रिया, नरेंद्र, मनीष आदि बच्चो के द्वारा कक्षा आठवीं के बच्चों को वेलकम करते स्टेज तक लाए। बारी- बारी से छठवीं व सातवीं के विद्यार्थियों के द्वारा आठवीं के सभी छात्रों को तिलक, व बेच लगाकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन कर उपहार भेंट किए। शालेय परिवार को गौतम बुद्ध का फोटो घड़ी युक्त उपहार भेंट किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेरोद कुमार भारद्वाज ने बच्चो को अच्छी लगन के साथ पढ़ाई करने की ओर प्रेरित किए। संजय कुमार तंजय ने बताया कि बिना लक्ष्य के कोई शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता। विदाई का मतलब सिर्फ कक्षा से अलग होना है न कि विद्यालय से सभी बच्चों को मेहनत कर अच्छे अंक लाकर अपने शिक्षक और माता पिता का नाम रोशन करने की



बात कही। वरिष्ठ शिक्षक मनीष दास बैरागी ने सभी बच्चों को धैर्य और साहस व ईमानदारी के साथ परीक्षा की तैयारी करने से सफलता जरूर मिलती है। संस्था प्रमुख प्रभारी प्रधान पाठक जगजीवन प्रसाद जांगड़े ने कहा आगे कक्षाओं में और कठिनाई इससे अधिक हो सकती है इसके लिए तैयार रहे जब तक आप दृढ़ संकल्प होकर अपने शिक्षा को एक प्रतिबिंब बना लो सफलता आपकी कदम चूमेगी, डटकर संघर्ष करना, परीक्षा को भयमुक्त बनाए,तनाव मुक्त रखे परीक्षा का समय आप सभी का गोल हो इसी के साथ अच्छे से तैयारी करने की बात कही। कार्यक्रम में गेम भी कराए जिसमें बच्चो के द्वारा अपने मन से एक चिट्ठा निकालते और चिट्ठा निकालकर उसके बारे में डांस और अपना अनुभव शेयर करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन कु खुशी खटर्जी, पायल गोस्वामी द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने आवास निर्माण, शाला सहित विभिन्न कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने गुरुवार 6 मार्च को जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, जनपद पंचायत जैजैपुर कार्यालय सहित विभिन्न कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ द्वारा आज ग्राम रायपुरा पहुंचकर विभिन्न हितग्राहियों द्वारा बनाये जा रहे आवास निर्माण कार्य का निरिक्षण किया गया तथा गुणवत्तापूर्ण और तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने निर्देश दिया गया।



निरीक्षण के दौरान हितग्राही से चर्चा करते कलेक्टर।

उनके द्वारा ग्राम ठठारी अंतर्गत प्राथमिक शाला पहुंचकर अध्ययनरत बच्चों से पढाई लिखाई की गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था सहित रसोई घर का निरिक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उनके द्वारा जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत कोसा कपड़ा निर्माण कार्य कर रही हितग्राही के घर पहुंचकर कोसा कपड़ा निर्माण कार्य करने की प्रक्रिया की जानकारी ली गई तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित अन्य हितग्राहियों से भी मिलकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत जैजैपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रीति पवार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दूसरे दिन भी विधानसभा में गूंजा गौण खनिज मद में अनियमितता का मामला

**अकलतरा।** अकलतरा नगर पालिका में गौड़ खनिज मद में हुए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में गुरुवार को विधानसभा में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा प्रश्नों की झड़ी लगा दी। विभागीय मंत्री अरुण साव के द्वारा दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई।

विदित हो कि विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा दिसंबर 2024 में अकलतरा नगर पालिका में गौड़ खनिज मद में बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत की गई थी, जिस पर शासन के द्वारा पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई गई,जिसमें प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार किये जाने की पुष्टि हुई है एवं तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अभियंता लेखापाल एवं क्लर्क सहित पांच लोगों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को विधानसभा कार्रवाई के दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विभागीय मंत्री से प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या नगर पालिका में गौंड़ खनिज मद में किए गए भ्रष्टाचार पर अपराधिक आर्थिक अपराध दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी, भ्रष्टाचार की गई राशि की रिकवरी जिम्मेदार लोगों से की जाएगी एवं ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के प्रश्न पर लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव ने बताया कि भ्रष्टाचार मामले में भौतिक सत्यापन करते हुए दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाएगी।







